आमोखस व मिडिया की खबरों व प्रथम समाचार पत्र

RNI No. UPHIN/2012/47484



# जननायक सम्राट



उत्तर प्रदेश के विभिन्न जनपदों अलीगढ़ हाथरस ऐटा कासगंज बदायूं बुलंदशहर मथुरा आदि से प्रसारित व अलीगढ़ से प्रकाशित

बर्ष :13 अंक :432 पृष्ठ -4 दिनांक 23 मार्च 2025 दिन रविवार

## हरदोई जिले की पुलिस ने सीतापुर में ह्यूमन ट्रैफिकिंग का शिकार हुए एक 3 साल के मासूम बच्चे को आंध्र प्रदेश राज्य से बरामद किया

### पुलिस ने मामले में 2 महिलाओं को गिरफ्तार किया

हरदोई जिले की पुलिस ने सीतापुर में ह्यूमन ट्रैफिकिंग का शिकार हुए एक 3 साल के मासूम बच्चे को आंध्र प्रदेश राज्य से बरामद किया है. जिसे ह्यूमन ट्रैफिकिंग गिरोह के जरिए पांच लाख रुपए में बेचा गया था. ह्यूमन ट्रैफिकिंग गिरोह ने 10 फरवरी को मासूम को सीतापुर जिले से अगवा किया था, जिसे करीब एक महीने बाद बरामद किया गया है. इस मामले में पुलिस ने दो महिलाओं को गिरफ्तार किया है. जबकि मास्टरमाइंड की तलाश की जा रही है. पूछताछ के दौरान इन महिलाओं ने बताया कि बच्चे को अगवा करने के बाद उसकी फोटो दिखाकर बच्चों की कीमत तय की जाती थी. हरदोई की अत. रौली थाना पुलिस की हिरासत में खड़ी पठान मुमताज उर्फ हसीना निवासी अजीत सिंह नगर न्यू राजेश्वरी पेटा थाना अजीत सिंह नगर जिला विजयवाड़ा आन्ध्रप्रदेश व बिक्कोल बिजली निवासी 158 वाटर टैंक वैदेही ईस्ट गोदावरी गड़ाला आन्ध्रप्रदेश की रहने वाली है. अतरौली पुलिस ने उनको अतरौली थाना क्षेत्र के गोरी कला गांव से 20 फरवरी को लापता हुए 3 साल के मासूम रितिक को अगवा करके दूसरे राज्य में बेचने के आरोप में गिरफ्तार किया है.जिनके पास से सीतापुर के अटरिया थाना क्षेत्र से एक शादी समारोह से 3 साल के आर्यन को बरामद किया गया है. पुलिस



के मुताबिक गौरी कला गांव में रितिक अपनी मां गुड़िया के साथ अपने मामा शशिकांत के यहां तिलक समारोह में शामिल होने आया था. 20 फरवरी की रात 8 बजे जब परिवार के लोग कार्यक्रम में व्यस्त थे, तभी ऋतिक लापता हो गया था. इस मामले में अपर पुलिस अधीक्षक पूर्वी नृपेंद्र कुमार की अगुवाई में अलग-अलग कई टीमें बनाई गई थी. पुलिस ने तेलंगाना से ऋतिक को बरामद कर लिया था.इस मामले में पुलिस टीम के आने की भनक लगते ही मूड़ावती शारदा, पठान मुमताज उर्फ हसीना व विक्कोल बिजली फरार हो गई थी. पुलिस टीम द्वारा बरामद ऋतिक को सकुशल हरदोई लाया गया था, जबकि सीतापुर के बच्चों की बरामदगी के लिए टीम वहां पर लगी हुई थी. इसी कड़ी में अब पुलिस ने आर्यन को बरामद कर दोनों महिलाओं को गिरफ्तार कर लिया है. एसपी नीरज कुमार जादौन ने बताया कि अभियुक्तों द्वारा इन बच्चों को पांच लाख रुपए में बेचा जाता था और बच्चों को अगवा करने का यह एक अंतरराज्यीय सक्रिय गिरोह है. जिसमें कई महिलाएं और पुरुष शामिल हैं. जिनके बारे में पूरी जानक. ारी जुटाई जा रही है. पुलिस के मुताबिक गिरफ्तार अभियुक्त क्षेत्र में शादी समारोह, भीड़ वाले स्थानों से छोटे-छोटे बच्चों को चॉकलेट देकर मोबाइल दिखाने के बहाने बहला फुसलाकर उठा ले जाते थे. तथा बच्चों के फोटो अभियुक्त सोनिया उर्फ सुनीता को भेज दिया जाते थे. जिसके आधार पर बच्चों के रंग रूप के अनुसार बच्चों की कीमत तय की जाती थी.

## हाईवे पर चलना 1 अप्रैल से होगा महंगा, यूपी के इन टोल प्लाजा पर लागू होंगी नई कीमतें

एक शहर की सीमा से दूसरे शहर की सीमा में हाईवे के जरिए वाहनों से सफर करने वाले वाहन स्वामियों को अब 1 अप्रैल से अपनी जेब कुछ और ढीली करनी पड़ेगी. क्योंकि सालाना बढ़ोतरी को देखते हुए एक अप्रैल की रात 12 बजे से टोल प्लाजा के टैक्स की नई दरें लागू हो जाएंगी. जिसमें 5 प्रतिशत तक इजाफा होने की उम्मीद है, जिसकी मार सीधे उन लोगों पर पड़ेगी जो अलग-अलग वाहनों से हाईवे पर सफर करते हुए टोल प्लाजा का प्रयोग करते हैं. नेशनल हाईवे अथॉरिटी ऑफ इंडिया इन्हें अप्रैल की पहली तारीख से लागू करेगा.हर साल एनएचएआई अपने टोल टैक्स में बढ़ोत्तरी करता है पिछले साल की बात करें तो साल 2024 में जून के महीने में ये दरें बढ़ाई गईं थीं लेकिन इसका सही समय अप्रैल की पहली तारीख होती है. वहीं 25 मार्च तक टोल टैक्स में बढ़ी हुई कीमतों की दरें जारी कर दी जाएंगी और अनुमान ये है कि पिछली दरों को देखते हुए इस बात साल 2025 में इन दरों में 5 प्रतिशत तक की बढ़ोत्तरी हो सकती है. इस बाबत नेशनल हाईवे अथॉरिटी ऑफ इंडिया के निदेशक अमन रोहिल्ला ने बताया कि इस साल भी एक अप्रैल से टैक्स बढ़ाया जाएगा इनकी कीमतें मुख्यालय से निर्धारित होंगी और इसका नोटिफिकेशन 25 अप्रैल तक जारी



हो सकता है. जिसके बाद इन बड़ी हुई दरों को अप्रैल में लागू किया जाएगा, वैसे इन दरों और टैक्स से कुछ वाहनों को राहत है जो इस टैक्स के दायरे में नहीं आते जिसमें ट्रैक्टर ट्रॉली, थ्री वीलर, ऑटो, दो पहिया वाहन के साथ एंबुलेंस और अन्य वाहन शामिल हैं लेकिन कुछ शहरों में बने टोल टैक्स के दौरान दो पहिया वाहनों को टैक्स की श्रेणी में रखा जाता है.वहीं बढ़ी हुई दरें कानपुर मंडल से जुड़े हुए टोल प्लाजा पर लागू होंगी. अन्य शहरों और प्रदेश में कितने प्रतिशत बढ़ेंगी ये कहां मुश्किल है जिसमें कई टोल प्लाजा शामिल हैं. कानपुर-अलीगढ़ हाईवे से कंठी नवादा, कानपुर-इटवा हाईवे पर बारा जोड़ टोल प्लाजा, अनंतराम, उन्नाव हाईवे पर बना नवाबगंज प्लाजा, कानपुर से फतेहपुर हा. ईवे पर बने टोल प्लाजा पर इन दरों का असर रहेगा.बढ़ने वाली दरों को लेकर नाराज हैं लोगफिलहाल हाईवे से गुजरने वाले वाहनों और वाहन स्वामियों को बढ़ी हुई दरें झटका दे सकती है लेकिन मंथली पास सुविधा का प्रयोग करने वालों पर कोई खास असर नही पड़ेगा. लेकिन कभी-कभी निकलने वाले लोग इस बढ़ने वाली दरों को लेकर नाराज हैं. उनका कहना है कि हमेशा दरें बढ़ती है कभी कम भी होनी चाहिए. जिससे राहगीरों को राहत मिल सके वो दिन भी दूर नहीं जब लगातार इसी तरह से दरें बढ़ती रहेंगी और लोग टोल से गुजरना बंद कर अपने वाहनों को खड़कर सरकारी साधनों का प्रयोग करेंगे. जैसे बस, ट्रेन और अन्य साधन जिसमें महज टिकट देकर टोल टैक्स से बचाव करेंगे सरकार को इस विषय में सोचना चाहिए.

## उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शनिवार को सवाल उठाया कि इतनी बड़ी आबादी के बावजूद भारत रेडीमेड परिधान निर्यात में बांग्लादेश से पीछे क्यों

लखनऊ। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शनिवार को सवाल उठाया कि इतनी बड़ी आबादी के बावजूद भारत रेडीमेड परिधान निर्यात में बांग्लादेश से पीछे क्यों है। वह यहां पीएम मित्र योजना के तहत कपड़ा पार्क की स्थापना के लिए आयोजित निवेशक सम्मेलन में बोल रहे थे। योगी आदित्यनाथ ने कहा, श्श्अगर 16 करोड़ की आबादी वाला बांग्लादेश रेडीमेड परिधान निर्यात में आगे निकल सकता है, तो 140 करोड़ की आबादी वाला भारत ऐसी ही सफलता क्यों नहीं हासिल कर सकता?श्श उन्होंने रेडीमेड परिधान क्षेत्र में संभावनाओं का जिक्र करते हुए भारत के लिए वैश्विक स्तर पर मान्यता प्राप्त कपड़ा ब्रांड बनाने पर जोर दिया। उन्होंने कहा, श्श्रेडीमेड परिधान में अपार संभावनाएं हैं। हमारे पास विश्व बाजार का सर्वेक्षण करके वहां पहुंचने की संभावनाएं हैं।श्श योगी ने भारत के बड़े कार्यबल को दिशा और अवसर प्रदान करने की जरूरत पर जोर दिया। उन्होंने कहा, श्श्बड़ी आबादी को काम की जरूरत है, लेकिन उन्हें रास्ता दिखाने वाला कोई होना चाहिए।श्श्उन्होंने एक प्रमुख उपभोक्ता बाजार के रूप में उत्तर प्रदेश के महत्व पर भी प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश न केवल राज्य के भीतर बल्कि नेपाल, भूटान, बिहार, झारखंड, मध्यप्रदेश, राजस्थान और उत्तराखंड जैसे पड़ोसी क्षेत्रों की एक बड़ी आबादी की जरूरतों को पूरा करता है। योगी ने बाजार की मांगों को पूरा करने के लिए पीएम मित्र पार्क के भीतर सिलाई, रंगाई, छपाई, पैकेजिंग और डिजाइनिंग सहित व्यापक सुविधाएं स्थापित करने के महत्व को रेखांकित किया।

## उत्तर प्रदेश कांग्रेस ने राहुल गांधी को दिखाया ठेंगा

### ब्रजभूषण सिंह के करीबी को बनाया जिलाध्यक्ष

यूपी कांग्रेस के जिलाध्यक्षों की नियुक्ति से पहले प्रदेश अध्यक्ष अजय राय और पार्टी महासचिव अविनाश पांडेय ने लखनऊ कार्यालय में बैठकर उम्मीदवारों से बाकायदा साक्षात्कार लिया था। उम्मीदवारों से उनके क्षेत्र में कांग्रेस को बढ़ाने की उनकी कोशिश और संभावनाओं के बारे में विस्तृत बातचीत की गई थी।. राहुल गांधी ने गुजरात की अपनी यात्रा के दौरान यह बयान दिया था कि कांग्रेस में कई लोग भाजपा के समर्थक हैं। ऐसे लोगों को पार्टी से बाहर किया जाएगा तभी पार्टी ठीक तरीके से चल पाएगी। लेकिन लगता है कि राहुल गांधी का यह मंत्र उनकी अपनी ही पार्टी के नेता नहीं समझ सके हैं। यही कारण है कि भाजपा के एक करीबी नेता को गोंडा का जिलाध्यक्ष बना दिया गया है। यूपी कांग्रेस की आई जिलाध्यक्षों की सूची में कई नामों पर सवाल उठ रहे हैं। पार्टी के इस फैसले से नाराज कार्यकर्ता सोशल मीडिया पर अपनी नाराजगी जाहिर कर रहे हैं तो कुछ ऐसे नेताओं के खिलाफ दिल्ली तक शिकायत करने की तैयारी कर रहे हैं।कांग्रेस ने दो दिन पहले ही यूपी के लिए सभी जिलाध्यक्षों की घोषणा की है। इसमें गोंडा से राम प्रताप सिंह को जिलाध्यक्ष बनाया गया है। लेकिन वे न केवल भाजपा के टिकट पर विधायक चुने जा चुके हैं, बल्कि पिछले चुनाव में भी भाजपा के टिकट पर ही चुनाव लड़ना चाहते थे। भाजपा के वर्तमान विधायक का टिकट न कटने के कारण राम प्रताप सिंह को भाजपा का टिकट नहीं मिल पाया जिससे नाराज होकर वे वे कांग्रेस में शामिल हो गए थे। दरअसल, राम प्रताप सिंह को बृजभूषण शरण सिंह का करीबी माना जाता है। बीते फरवरी महीने में ही 10 तारीख को राम प्रताप सिंह ने अपने पिता के सम्मान में एक बड़ा कार्यक्रम किया था जिसमें उन्होंने बृजभूषण शरण सिंह को मुख्य अतिथि बनाया था। बृजभूषण शरण सिंह ने मंच से खुला ऐलान किया था कि वे हर स्थिति में राम प्रताप सिंह के साथ हैं और आगे भी रहेंगे। भाजपा के एक दिग्गज नेता के करीबी को कांग्रेस के इतने महत्त्वपूर्ण पद पर बैठाने को कांग्रेस के कार्यकर्ता शंका की नजर से देख रहे हैं। चर्चा है कि बृजभूषण शरण सिंह ने पिछले विधानसभा चुनाव में भी राम प्रताप सिंह को भाजपा से टिकट दिलाने की कोशिश की थी। लेकिन प्रदेश के शीर्ष भाजपा नेताओं से तालमेल न होने के कारण राम प्रताप सिंह को टिकट नहीं मिल पाया। इसके बाद वे बागी हो गए और कांग्रेस में शामिल हो इस समय भी बृजभूषण शरण सिंह उनका पूरा साथ देने की बात कह रहे हैं। ऐसे में इस बात की पूरी संभावना है कि चुनाव में बृजभूषण उन्हें अपने कोटे से टिकट दिलाने की कोशिश करें। उन्होंने कहा कि ऐसे में पार्टी इतने महत्त्वपूर्ण पद पर किसी बाहरी के करीबी को कैसे बैठा सकती है। राम प्रताप सिंह ने जब फरवरी में अपने पिता के सम्मान में कार्यक्रम किया, तब मंच पर कांग्रेस का कोई नेता मौजूद नहीं था, जबकि मंच पर बैठे सभी लोग भाजपा के बड़े नेताओं में गिने जाते हैं। ऐसे में राम प्रताप सिंह की कांग्रेस कार्यकर्ताओं की बीच स्वीकार्यता कैसे हो पाएगी और कार्यकर्ता उनके नेतृत्व में पार्टी के लिए कैसे काम कर पाएगा।उसकी इसमें निष्ठा हो और वह पद पर रहने के दौरान पार्टी की विचारधारा और संगठन के प्रचार-प्रसार के लिए काम करे। लेकिन इस पद पर भाजपा से जुड़े लोगों को बै. ठाने से जनता के बीच गलत संदेश जाता है और पार्टी कार्यकर्ता भी ऐसे व्यक्ति के नेतृत्व में काम नहीं कर पाते।

## लखनऊ पुलिस कमिश्नरेट में ट्रांसफर, 2 .DCP और 2 ACP का तबादला

उत्तर प्रदेश में होली के बाद से लगातार अधिकारियों के तबादले किए जा रहे हैं. आईएएस से लेकर आईपीएस रैंक के अधिकारियों के ट्रांसफर किए गए हैं. अब इसी कड़ी में आज 22 मार्च 2025 को लखनऊ पुलिस कमिश्नरेट में भी तबादले हुए हैं. यहां पर 2 डीसीपी और दो एसीपी का भी तबादला हुआ है. डीसीपी सेंट्रल लखनऊ रवीना त्यागी को डीसीपी अभिस. ूचना एंव सुरक्षा की जिम्मेदारी दी गई है. इसके साथ ही डीसीपी क्राइम के साथ डीसीपी महिला अपराध का भी अतिरिक्त कार्यभार मिला है. वहीं सौम्या पांडेय को एसीपी ट्रैफिक से एसीपी महिला अपराध के साथ यूपी-112 एवं सोशल मीडिया सेल का अतिरिक्त कार्यभार दिया गया है. अंशू जैन को एसीपी महिला अपराध से एसीपी ट्रैफिक की जिम्मेदारी दी गई है.उपेंद्र अग्रवाल को पुलिस महानिरीक्षक सुरक्षा लखनऊ की मिली जिम्मेदारीबता दें कि इस समय यूपी में पुलिस में तबादलों का दौर जारी है, हाल ही में सात आईपीएस और 20 पीपीएस अधिकारियों के ट्रांसफर किए गए. इससे पहले 16 आईपीएस अधिकारियों के भी तबादले हुए थे. जिन सात आईपीएस अधिकारियों का ट्रांसफर हुआ है उनमें उपेंद्र अग्रवाल का भी नाम शामिल था. उपेंद्र अग्रवाल को पुलिस महा. निरीक्षक सुरक्षा लखनऊ की जिम्मेदारी मिली थी. आईपीएस विनोद कुमार सिंह को अपर पुलिस आयुक्त क्राइम कानपुर नगर और आईपीएस अमित वर्मा को संयुक्त पुलिस आयुक्त क्राइम लखनऊ की जिम्मेदारी दी गई है.एसपी बरेली डॉ तेजवीर सिंह को बुलंदशहर एसपी ग्रामीण की मिली जिम्मेदारीइसके अलावा जिन 20 पीपीएस अफसरों का हाल ही में तबादला हुआ है

## सरोजिनी नगर क्षेत्र में मौसम ने करवट ली



सरोजिनी नगर क्षेत्र में मौसम ने करवट ली है। लतीफ नगर और आसपास के इलाकों में तेज हवाएं चल रही हैं। मौसम विभाग ने बा. रिश की भी संभावना जताई है।स्थानीय किसानों के लिए यह चिंता का विषय बन गया है। तेज हवाओं और संभावित बारिश से आम की फसल को नुकसान का खतरा है। वर्तमान में हल्की बूंदाबांदी भी देखी जा रही है।किसानों का कहना है कि इस मौसम में होने वाली बारिश से फसलों को भारी नुकसान हो सकता है। विशेषकर आम की फसल जो इस समय नाजुक अवस्था में है, उसे ज्यादा नुकसान का सामना करना पड़ सकता है।

### उत्तर प्रदेश के पीलीभीत टाइगर रिजर्व में 20 से 25 मार्च तक देश की 8वीं एक्वेटिक स्कूल वर्कशॉप आयोजित

उत्तर प्रदेश के पीलीभीत टाइगर रिजर्व में एक्वेटिक वाइल्डलाइफ वर्कशॉप का आयोजन किया जा रहा है. इस के तहत देश दुनिया के रुचिकर लोगों जलीय जीवों के संरक्षण से जुड़ी बारीकियां सिखाई जाती हैं. यह वर्कशॉप 25 मार्च तक चलेगी जिसमें 22 एक्सपर्ट्स अपने अनुभव के आधार पर प्रतिभागियों को प्रशिक्षण देंगे. इस स्कूल का आयोजन जलीय जीवों के संरक्षण के क्षेत्र में काम कर रही संस्था ने। कर रही है.उत्तर प्रदेश के पीलीभीत टाइगर रिजर्व में 20 से 25 मार्च तक देश की 8वीं एक्वेटिक स्कूल वर्कशॉप आयोजित की जा रही है. इस कार्यक्रम को टर्टल सर्विलांस अलायन्स संस्था की ओर से आयोजित किया जा रहा है. कार्यक्रम का आयोजन टीएसए शैलेंद्र सिंह, डॉ. अरुणिमा, श्रीपर्णा दत्ता द्वारा किया जा रहा है. इस कार्यशाला के दौरान देशभर के तकरीबन 22 से भी अधिक विशेषज्ञ कार्यशाला के प्रतिभागियों को जलीय जीवों के संरक्षण के गुण सिखाएंगे. इस कार्यशाला में 17 लोग भाग ले रहे हैं. जिसमें भारत के 4 राज्यों से आए प्रतिभागियों के साथ ही साथ नेपाल के लोग भी शामिल हैं. पीलीभीत टाइगर रिजर्व समेत जिले में कछुओं की 13 प्रजातियां चिन्हित की गई है. टर्टल सर्वाइवल एलायंस इंडिया के मुताबिक कछुओं की 13 में से 11 प्रजातियां शेड्यूल वन की श्रेणी में आती हैं. इसमें भी 07 प्रजातियां अति लुप्त प्रायरू हैं. जिले में कछुओं का मुख्य हैबीटेट माला नदी, खन्नौत नदी, शारदा नदी, गोमती उदगम स्थल और भारत-नेपाल सीमा पर पाए जाने वाले बड़े-बड़े वेटलैंड्स हैं. पीलीभीत में पाई जाने वाली कछुओं की प्रजातियों में स्योत्तर कछुआ, कटहेवा, मोरपंखी, सुंदरी, काली काठा, तीन तरह के पचेड़ा कछुए, काला कछुआ, स्टार, पहाड़ी त्रिकुटि, पार्वती और भूत काठ शामिल हैं. टीएसए इंडिया डायरेक्टर शैलेंद्र सिंह ने लोकल 18 से बातचीत के दौरान बताया कि पीलीभीत प्राकृतिक संसाधनों से भरपूर है. यहां जलस्रोतों का विस्तृत जाल है, ऐसे में जलीय जीवों के लिहाज से यह काफी अधिक महत्वपूर्ण है. संस्था की ओर से इस क्षेत्र में तमाम काम किए जाएंगे.

उसमें एएसपी बरेली डॉ तेजवीर सिंह को बुलंदशहर एसपी ग्रामीण, डीजीपी के पीआरओ राजेंद्र कुमार गौतम को एडीसीपी नोएडा की जिम्मेदारी मिली. एएसपी चंदौली विनय कुमार सिंह प्रथम को एएसपी ग्रामीण बिजनौर और मैनपुरी के एएसपी ग्रामीण अनिल कुमार प्रथम को गोरखपुर पीटीएस का एएसपी का जिम्मा मिला है.

### सहारनपुर में बड़ी वारदातरू भाजपा नेता ने पत्नी और तीन बच्चों को मारी गोली, तीनों की मौत, पत्नी गंभीर

उत्तर प्रदेश के सहारनपुर में शनिवार दोपहर बड़ी वारदात को अंजाम दिया गया। यहां एक भाजपा नेता ने अपनी पत्नी और तीन बच्चों को गोली मार दी। चारों गंभीर रूप से घायल हो गए। तीनों बच्चों ने अस्पताल में दम तोड़ दिया। पत्नी की हालत गंभीर है।सहारनपुर जनपद के गंगोह में सांगाखेड़ा ने एक भाजपा नेता ने पत्नी और तीन बच्चों को गोली मार दी। हमले में चारों गंभीर रूप से घायल हो गए। उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां बेटे शिवांश, देवांश और बेटी श्रद्धा ने उपचार के दौरान दम तोड़ दिया।बताया गया कि भाजपा जिला कार्यसमीति के सदस्य योगेश रोहिला ने अपनी पत्नी पत्नी नेहा (32), शिवांश (4), देवांश (7), श्रद्धा (8) को गोली मार दी। चारों गंभीर रूप से घायल हो गए। गोली की आवाज सुनकर व शोर सुनकर आ. सपास के लोग मौके पर पहुंचे और घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया। भाजपा नेता ने घर के भीतर ही इस वारदात को अंजाम दिया। बताया गया कि चारों के सिर में गोली मारी गई है। हालांकि आरोपी भाजपा नेता को पुलिस ने मौके से ही गिरफ्तार कर लिया है।पुलिस आरोपी को थाने ले गई है। मौके पर जांच पड़ताल की जा रही है।घायल बेटे शिवांश, देवांश और बेटी श्रद्धा की अस्पताल में मौत हो गई है जबकि पत्नी अस्पताल में जिंदगी और मौत से जूझ रही है। बताया गया कि भाजपा नेता के मानसिक रोग का उपचार करा रहा है। उसकी दवाई चल रही थी।

# बीएचएमएस छात्रा से प्रोफेसर ने किया गलत व्यवहार, शासन ने किया सस्पेंड

हाथरस के पीसी बागला डिग्री कॉलेज में प्रोफेसर रजनीश का मामला इस समय चर्चा में है, वहीं अलीगढ़ में जकीय होम्यो.पैथिक मेडिकल कालेज और अस्पताल के प्रोफेसर अमरीश को सस्पेंड किया गया है। प्रोफेसर अमरीश पर बीएचएमएस छात्रा के साथ गलत व्यवहार करने का आरोप है।अलीगढ़ में जवां क्षेत्र के छेरत में राजकीय होम्योपैथिक मेडिकल कालेज और अस्पताल में प्रोफेसर ने एक बीएचएमएस छात्रा के साथ गलत व्यवहार किया। शिकायत होने पर शासन ने प्रा.`फेसर को सस्पेंड करते हुए सोनभद्र राजकीय होम्योपैथिक मेडिकल कालेज में संबद्ध कर दिया है।विकास खंड जवां के छेरत स्थित राजकीय होम्योपैथिक मेडिकल कालेज में 3 फरवरी को फीजियोलॉजी के प्रोफेसर अमरीश कुमार पर वहां की छात्रा ने गलत व्यवहार करने का आरोप लगाया था। जब मामला बढ़ा तो कालेज प्रशासन ने समझा–बुझा कर शांत करा दिया। 4 फरवरी को छात्रा ने लिखित शिकायत कर दी। प्रोफेसर ने छात्रा से माफी मांगी। मगर निदेशक ने इस कृत्य पर प्रोफेसर अमरीश का तबादला गोरखपुर के बडहलगंज में स्थित होम्योपैथिक मेडिकल कालेज में कर



दिया। साथ ही प्रभारी प्राचार्य को भी मुरादाबाद भेज दिया। इसकी जांच डीएम को सौंप दी। 8 मार्च को डीएचओ मुकेश कुमार के नेतृत्व में दो सदस्यीय टीम ने जांच की। जिसमें छात्रा ने घटना के बारे में बताया। टीम ने प्रोफेसर व प्राचार्य का भी बयान दर्ज कर रिपोर्ट डीएम को भेज दी। इसके बाद डीएम ने एक और जांच के लिए कमेटी गठित कर दी। जिसका नेतृत्व एसडीएम खैर महिमा राजपूत करेंगी। इधर मार्च को शासन ने प्रोफेसर अमरीश को प्रथम दृष्टया दोषी मानते हुए सस्पेंड कर दिया।होम्योपैथिक मेडिकल कालेज में छात्रा के साथ अभद्रता व अश्लील हरकत करने वाले प्रोफेसर अम.रीश को सस्पेंड कर दिया गया है। जिलाधिकारी अलीगढ़ स्तर से जांच हो रही है। उसमें अगर दोषी पाए गए तो दंडात्मक कार्रवाई की जाएगी।

होम्योपैथी अस्पताल के प्रोफेसर द्वारा यौन उत्पीड़न में डीएम का बयानराजकीय होम्योपैथिक अस्पताल के प्रोफेसर द्वारा छात्रा के साथ गलत हरकत करने के मामले में शासन के निर्देश पर प्रशासन ने तीन सदस्यीय जांच कमेटी गठित कर दी है। मामले की जांच चल रही है। जहां तक आरोपी पर मुकदमा दर्ज करने का सवाल है, तो पीड़िता को पूरा हक है वह मुकदमा दर्ज कराएं। यह उनका अधिकार है।

## हाथरस के कलवारी रोड पर स्थित आशीर्वाद कुंज में एक कॉपी फैक्ट्री में आग लग गई

हाथरस के कलवारी रोड पर स्थित आशीर्वाद कुंज में एक कॉपी फैक्ट्री में आग लग गई। यह हादसा विद्युत विभाग की लापरवाही से हुआ। 11 हजार वोल्ट की हाई टेंशन लाइन में शॉर्ट सर्किट होने से फैक्ट्री में रखे कागज के रेम में आग लग गई।फैक्ट्री के मालिक पीपेन्द्र सिंह को इस घटना की जानकारी मिली। आग लगने से फैक्ट्री में रखे 30 लाख रुपए से ज्यादा की कीमत के कागज के रेम जलकर राख हो गए। मौके पर अफरा–तफरी मच गई। वहां पर काफी भीड़ एकत्रित हो गई। कुछ लोगों ने इसकी सूचना फायर स्टेशन को दी।फायर स्टेशन कर्मियों ने पाया काबूसू.चना मिलते ही फायर स्टेशन से दमकल कर्मी मौके पर पहुंच गए। अग्निशमन कर्मियों ने करीब एक घंटे की कड़ी मेहनत के बाद आग पर काबू पा लिया। प्रारंभिक आकलन के अनुसार इस घटना में 30 लाख रुपए से अधिक का नुकसान हुआ है।

## हाथरस में बुद्धिस्ट इंटरनेशनल नेटवर्क ने कलेक्ट्रेट पर प्रदर्शन किया

हाथरस में बुद्धिस्ट इंटरनेशनल नेटवर्क ने कलेक्ट्रेट पर प्रदर्शन किया। संगठन ने राष्ट्रपति को संबोधित एक ज्ञापन अधिकारियों को सौंपा। ज्ञापन में महाबोधि टेंपल एक्ट 1949 को रद्द करने की मांग की गई है। संगठन का कहना है कि यह कानून बौद्धों ने नहीं, बल्कि ब्राह्मणों ने अपना वर्चस्व बनाए रखने के लिए बनाया था।इस एक्ट के कारण महाबोधि महाविहार पर ब्राह्मणों का अनुचित कब्जा हो गया है। यह अंतरराष्ट्रीय धरोहर कानून का भी उल्लंघन करता है। संगठन ने मांग की है कि नए एक्ट में सभी सदस्य बौद्ध समुदाय से होने चाहिए।उन्होंने महाबोधि महाविहार परिसर में शिवलिंग की स्थापना और दीवार पर पांडवों का उल्लेख करने पर आपत्ति जताई है। संगठन का कहना है कि फाह्यान और हवेनसांग के यात्रा वृतांत और उत्खनन रिपोर्ट से साबित होता है कि यह स्थल मूल रूप से बौद्धों का है। ज्ञापन में महंत की कोठी में रखी सैकड़ों बुद्ध प्रतिमाओं, शिलालेखों और अभिलेखों को एएसआई के बोधगया संग्रहालय को सौंपने की मांग की गई है।बैलेट पेपर से चुनाव कराने की मांग... संगठन ने ईवीएम के स्थान पर बैलेट पेपर से चुनाव कराने की मांग भी रखी है। इस मौके पर मुख्य रूप से राकेश कुशवाहा, राजेंद्र सिंह, जगदीश आर्य, राम सिंह आदि काफी लोग मौजूद थे।

## सादाबाद के श्रीमती रामश्री देवी कन्या इंटर कॉलेज में एक महत्वपूर्ण जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया

सादाबाद के श्रीमती रामश्री देवी कन्या इंटर कॉलेज में एक महत्वपूर्ण जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। थाना कोतवाली सादाबाद के एंटी रोमियो प्रभारी सब इंस्पेक्टर अजय कुमार चौधरी ने छात्राओं को महिला सुरक्षा के बारे में महत्वपूर्ण जानकारी दी।उन्होंने छात्राओं को डायल 1090 सेवा के बारे में विस्तार से बताया। यह सेवा उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा महिलाओं की सुरक्षा के लिए चलाई जा रही है। सब इंस्पेक्टर ने छात्राओं को आश्वस्त किया कि शिकायत करने वाली का नाम पूरी तरह गोपनीय रखा जाएगा।कार्यक्रम में छात्राओं को विशेष संदेश दिया गया कि वे खुद को कभी कम.जोर न समझें। उन्हें बताया गया कि अगर कोई मनचला उन्हें परेशान करे या छेड़छाड़ करने की कोशिश करे, तो वे तुरंत



हेल्पलाइन नंबर पर संपर्क करें।इस अवसर पर पुलिस सहायता नंबरों के पैम्फलेट भी वितरित किए गए। विद्यालय के शिक्षकों ने छात्राओं को क्षेत्र में अपना और कॉलेज का नाम रोशन करने के लिए प्रेरित किया।कार्यक्रम में विद्यालय के प्रबंधक महेंद्र पाल गौतम, प्रधानाचार्या सीमा गौतम के साथ अल्का पचौरी, पूजा गौतम, नीता चौधरी, रमेश कुमार और कृष्ण कान्त सहित अन्य शिक्षक मौजूद रहे।

## हाथरस के सिकंदराराऊ क्षेत्र में एक ईंट भट्ठे के मजदूर की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत

हाथरस के सिकंदराराऊ क्षेत्र में एक ईंट भट्ठे के मजदूर की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत का मामला सामने आया है। चौकी अगसोली के गांव भटीकरा में खेमकरण के आम के बाग में एक पेड़ से एक मजदूर का शव लटका मिला।मृतक की पहचान हमीरपुर के थाना चिकासी के इस्लामपुर निवासी उमाकांत (35 वर्ष ) के रूप में हुई है। वह डण्डेसरी निवासी सुभाष के ईंट भट्ठे पर ईंट पथाई का काम करता था।सू.चना मिलते ही कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने शव को पेड़ से उतारकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

पोस्टमार्टम रिपोर्ट से मौत के कारणों का पता चल सकेगा।पुलिस कर रही मामले को लेकर जांच पड़ताल पुलिस मामले की जांच कर रही है और मृतक के परिजनों से पूछताछ कर रही है। इस समय ईंट भट्ठों पर काम तेजी से चल रहा है।

ठेकेदार दूर–दराज से मजदूरों को लाकर काम करवा रहे हैं। फिलहाल यह स्पष्ट नहीं हो पाया है कि यह आत्महत्या का मामला है या कुछ और।

## हाथरस में पुलिस ने डुप्लीकेट ब्रांड से नमकीन बनाने वाली फैक्ट्री पर छापेमार कार्रवाई

हाथरस में पुलिस ने डुप्लीकेट ब्रांड से नमकीन बनाने वाली फैक्ट्री पर छापेमार कार्रवाई हुई। जलेसर रोड स्थित फैक्ट्री में प्रसिद्ध ब्रांड के नाम पर नमकीन तैयार की जा रही थी यह कार्रवाई एक नमकीन कंपनी की शिकायत पर की गई।कंपनी संचालक ने आरोप लगाया था कि एक फैक्ट्री संचालक उनके ब्रांड का नाम इस्तेमाल कर नकली नमकीन बना रहा है। इस नकली माल को बाजार में बेचा जा रहा था। अब कोर्ट के आदेश पर छापेमार कार्रवाई हुई।दो गाड़ी माल किया जब्तदिल्ली से आई एक टीम ने स्थानीय पुलिस को भी अपने साथ ले लिया। इसके बाद यह कार्रवाई की। मौके से दो गाड़ी भर माल जब्त किया। इसमें कार्टून, पैकिंग रोल और नमकीन से भरे पाउच शामिल हैं। टीम ने फैक्ट्री की चेकिंग भी की और माल भी देखा।कार्रवाई के दौरान मौके पर भीड़ जमा हो गई।

## सासनी के उद्योग व्यापार मंडल ने थाना दिवस में एक गंभीर समस्या उठाई

सासनी के उद्योग व्यापार मंडल ने थाना दिवस में एक गंभीर समस्या उठाई है। मंडल के चेयरमैन ममतेश वार्ष्णेय और अन्य पदाधिकारियों ने प्रार्थना पत्र के माध्यम से यातायात की स्थिति पर चिंता जताई है।आगरा–अलीगढ़ हाईवे स्थित सब्जी मंडी में सुबह से ही भारी जाम की स्थिति बनी रहती है।छोले–भटूरे के ठेले और अन्य वाहनों की वजह से यातायात बाधित होता है। इस जाम के कारण आए दिन हादसे होने का खतरा बना रहता है। व्यापार मंडल ने अधिकारियों से इस समस्या का समाधान करने की मांग की है। इसी थाना दिवस में एक अन्य मामला भी सामने आया।गांव साठिया के शिवराज सिंह ने अपनी कृषि भूमि पर अवैध कब्जे की शिकायत दर्ज कराई। उनकी कृषि भूमि गाटा संख्या 459 पर एक दबंग व्यक्ति ने कब्जा कर रखा है। शिवराज सिंह ने 8 मार्च को जिला अधिकारी के जनता दर्शन में भी यह मामला उठाया था। जिला अधिकारी ने सासनी एसडीएम को इस मामले में कार्रवाई के आदेश दिए थे। लेकिन अभी तक कोई कार्रवाई नहीं हुई है। जिला अधिकारी के आदेश की भी अवहेलना की जा रही है।

## अलीगढ़ के महमूदपुर सासनी स्थित एबीजी इंस्टिट्यूट ऑफ पैरामेडिकल साइंसेज में विश्व ऑप्टोमेट्री दिवस पर विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया

अलीगढ़ के महमूदपुर सासनी स्थित एबीजी इंस्टिट्यूट ऑफ पैरामेडिकल साइंसेज में विश्व ऑप्टोमेट्री दिवस पर विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। 22 मार्च 2025 को आयोजित इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में नेत्र शल्य चिकित्सक डॉ. राजेश गौतम ने शिरकत की।स्वास्थ्य के प्रति जागरूकताडॉ. गौतम ने अपने संबोधन में कहा कि विश्व ऑप्टोमेट्री दिवस का उद्देश्य ऑप्टोमेट्रिस्ट की भूमिका को मान्यता देना और दृष्टि स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाना है। इस वर्ष कार्यक्रम का मुख्य फोकस नेत्र स्वास्थ्य जागरूकता पर रहा। इसमें नियमित नेत्र जांच की महत्ता, दृष्टि संबंधी समस्याओं की समय पर पहचान और स्वस्थ नेत्र देखभाल की आदतों पर विशेष चर्चा की गई।छात्रों ने बढ़–चढ़कर हिस्सा लिया श्री विष्णु शर्मा के कुशल समन्वयन में आयोजित इस कार्यक्रम में पैरामेडिकल विज्ञान विभाग के छात्रों ने बढ़–चढ़कर हिस्सा लिया। कार्यक्रम को सफल बनाने में पैरामेडिकल विज्ञान संकाय से प्राची, मनीष, राकेश और चंचल का योगदान रहा। साथ ही नर्सिंग शिक्षण संकाय से प्रधानाचार्य डॉ. एल.एन. शर्मा और अनीता ने भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

## हाथरस के तीरथ का राजस्थान रॉयल्स में हुआ चयन, नेट बॉलर की निभाएंगे जिम्मेदारी

हाथरस जिले के क्रिकेट खिलाड़ी तीरथ चौधरी का चयन राजस्थान रॉयल्स में बतौर नेट बॉलर के रूप में हुआ है। उन्हें पांच से छह लाख रुपये की धनराशि इसके लिए दी जाएगी।तीरथ चौधरी हाथरस के गांव नगला चोखा के निवासी हैं। उनके साथी खिलाड़ी गोपाल पौनिया, सौरभ चंद्र, विशाल ठाकुर व शेखर कश्यप ने बताया कि वर्ष 2014 से उन्होंने अपनी क्रिकेट कॅरिअर की शुरुआत हाथरस इलेवन से की थी। इसके बाद वह अभ्यास के लिए नोएडा चले गए। वहां वह कई अकादमियों की तरफ से खेले। कुछ दिनों के बाद उनकी मुलाकात रणजी खिलाड़ी अनुरीत प्रीत सिंह से हुई और उन्होंने तीरथ की प्रतिभा को पहचानकर अपनी अकादमी में बिना किसी शुल्क के प्रशिक्षण दिया।कोच अनुरीत प्रीत सिंह ने भी उन्हें निखारने में बहुत मेहनत की है। राजस्थान रॉयल्स के नेट बॉलर का नोएडा में ट्रायल हुआ, जहां चयनकर्ताओं ने उनकी तेज गेंदबाजी से प्रभावित होकर उनको अगले राउंड के लिए नागपुर बुलाया। वहां भी उन्होंने शानदार गेंदबाजी की। इसके आखिरी



चरण में जयपुर में उन्हें टीम के साथ जोड़ा गया और वह पूरे आईपीएल के दौरान रा.जस्थान रॉयल्स के साथ ही नेट बॉलर के रूप में जुड़े रहेंगे। इसके लिए उन्हें पांच से छह लाख रुपये की धनराशि राजस्थान रॉयल्स प्रबंध तंत्र द्वारा दी जाएगी।

## हाथरस के सादाबाद तहसील के गांव ढकरई में एक अजीब मामला सामने आया



हाथरस के सादाबाद तहसील के गांव ढकरई में एक अजीब मामला सामने आया है। ग्राम पंचायत सचिव ने 75 वर्षीय राम खिलाड़ी को अभिलेखों में मृत घोषित कर दिया।बुजुर्ग को वृद्धा पेंशन मिलती थी। जब दो–तीन महीने से पेंशन नहीं मिली, तो वह विकास भवन हाथरस गए। वहां कर्मचारियों ने बताया कि उन्हें अभिलेखों में मृत दिखाया गया है, इसलिए पेंशन बंद कर दी गई है।पेंशन विभाग के अनुसार, अब उन्हें किसी रजिस्टर्ड अफसर से जीवित प्रमाण पत्र बनवाना होगा। इसके बाद ही पेंशन फिर से शुरू होगी।बुजुर्ग ने सादाबाद कोतवाली में आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस के दौरान एसडीएम संजय कुमार को इस मामले की शिकायत की।एसडीएम ने सादाबाद खंड विकास अधिकारी को जांच के आदेश दिए हैं। साथ ही बुजुर्ग के लिए जीवित प्रमाण पत्र बनाने के निर्देश भी जारी किए हैं।है। ग्राम पंचायत सचिव ने 75 वर्षीय राम खिलाड़ी को अभिलेखों में मृत घोषित कर दिया।बुजुर्ग को वृद्धा पेंशन मिलती थी। जब दो–तीन महीने से पेंशन नहीं मिली, तो वह विकास भवन हाथरस गए। वहां कर्मचारियों ने बताया कि उन्हें अभिलेखों में मृत दिखाया गया है, इसलिए पेंशन बंद कर दी गई है।पेंशन विभाग के अनुसार, अब उन्हें किसी रजिस्टर्ड अफसर से जीवित प्रमाण पत्र बनवाना होगा। इसके बाद ही पेंशन फिर से शुरू होगी।बुजुर्ग ने सादाबाद कोतवाली में आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस के दौरान एसडीएम संजय कुमार को इस मामले की शिकायत की।एसडीएम ने सादाबाद खंड विकास अधिकारी को जांच के आदेश दिए हैं। साथ ही बुजुर्ग के लिए जीवित प्रमाण पत्र बनाने के निर्देश भी जारी किए हैं।

# कासगंज में शनिवार को गाड़गे यूथ बिर्गेड ने जिला कलेक्ट्रेट पर प्रदर्शन किया

## उत्तर प्रदेश में धोबी जाति (अनुसूचित जाति) पर हो रहे अत्याचार और शोषण का मुद्दा उठाया

कासगंज में शनिवार को गाड़गे यूथ बिर्गेड ने जिला कलेक्ट्रेट पर प्रदर्शन किया। कार्यकर्ताओं ने उत्तर प्रदेश में धोबी जाति (अनुसूचित जाति) पर हो रहे अत्याचार और शोषण का मुद्दा उठाया। प्रदर्शन के बाद एसडीएम विनोद जोशी को मुख्यमंत्री के नाम एक चार सूत्रीय ज्ञापन सौंपा गया।गाड़गे यूथ बिर्गेड के अध्यक्ष अमरदीप माथुर ने कहा कि प्रदेश में असामाजिक और रूढ़िवादी तत्व धोबी समाज का उत्पीड़न कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि 23 फरवरी को समाज के महान संत गाड़गे की जयंती मनाई जाती है। नौकरी पर तैनात धोबी समाज के लोग इस कार्यक्रम में शामिल नहीं हो पाते। इसलिए इस दिन सरकारी अवकाश की मांग की गई है।समाज में इन मुद्दों को लेकर आक्रोश ज्ञापन में बदायूं में संत गाड़गे जी की प्रतिमा स्थापना पर लगी रोक को भी मुद्दा बनाया गया। साथ ही बनारस में डिप्टी जेलर मीना कनोजिया के साथ जेलर उमेश सिंह द्वारा की गई अभद्रता के खिलाफ कार्रवाई की मांग की गई। समाज में इन मुद्दों को लेकर आक्रोश व्याप्त है।

## कासगंज स्पीड ब्रेकर तो बन गए अब कैसे लगे लापरवाह चालकों पर लगाम?

मोहनपुरारू हर मार्ग पर आए दिन विभिन्न कारणों से दुर्घटनाएं हो रही हैं। कई मामलों में प्रत्यक्षदर्शियों ने दुर्घटनाओं में रोडवेज बस चालकों की लापरवाही को जिम्मेदार बताया है। बीते मंगलवार को कस्बा मोहनपुरा स्थित राधा स्वामी सत्संग व्यास के सामने हुए सड़क हादसे में रोडवेज बस चालकों की लापरवाही बताई गई है।कासगंज की तरफ से सिकंदराराऊ की ओर जा रही बस को एक दूसरी बस उस समय ओवरटेक कर रही थी, जब विपरीत दिशा से कासगंज की ओर जा रही बस सड़क पर दौड़ रही थी। एक साथ तीन बसें सड़क पर आ जाने से कासगंज की ओर जा रही बस के चालक ने बस को पटरी पर उतार दिया, जिससे दो सगे भाई–बहन की कुचलकर मृत्यु हो गई। अगले दिन जिला प्रशासन ने हादसा स्थल पर स्पीड ब्रेकर बनवा दिए।गौरतलब है कि कस्बा मोहनपुरा राष्ट्रीय राजमार्ग 530 बी पर स्थित है, जहां रोजाना सैकड़ों बसों एवं अन्य वाहनों का आवागमन होता है। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक आए दिन रोडवेज बस चालक बस को लापरवाहीप. ूर्वक तेज गति से दौड़ाते हैं। कभी अधिक सवारियों को बैठाने की वजह से तो कभी अधिक चक्कर लगाने की वजह से बसें आबादी क्षेत्र में भी फर्राटे भरकर दौड़ती हैं।लोगों का आरोप है कि बस चालक गति कम करने के बजाय मनमाने ढंग से तेज गति के साथ हॉर्न बजाना प्रारंभ कर देते हैं। यह स्थिति उस समय भी होती है जब सामने से कोई वाहन आ रहा हो। ऐसी स्थिति में सामने से आने वाला वाहन स्वतः ही स्वयं को बचाने की कोशिश करता है। यह निश्चित रूप से दुर्घटनाओं को निमंत्रण है। परिवहन निगम के अधिकारियों को इस ओर विशेष ध्यान देने की आवश्यकता है। सभी बस चालकों की बैठक आयोजित कर उन्हें समय–समय पर दिशा–निर्देश दिए जाएं और लापरवाह चालकों की जवाबदेही तय कर निर्धारित जुर्माना लगाया जाए।दुर्घटनाओं में कमी लाने के दृष्टिगत शासन द्वारा बस चालकों को अपने परिवार की फोटो साथ रखने के दिशा–निर्देश दिए गए थे। यह कदम मनोवैज्ञानिक रूप से चालकों को संभावित लापरवाही से बचाव हेतु प्रेरित करने वाला है। किंतु अधिकांश बसों के चालक अपने परिवार की फोटो साथ नहीं रख रहे हैं।कुछ दिन पूर्व मैं अपने साथी के साथ किसी कार्य से कासगंज जा रहा था। रास्ते में बस चालक ने तेज गति से लगातार हॉर्न बजाते हुए लापरवाहीपूर्वक ओवरटेक किया, जिससे हम बाल–बाल बचे। तुरंत कासगंज डिपो में जाकर शिकायत की, किंतु हमें सिर्फ आश्वासन ही मिलारोडवेज बस चालक आबादी क्षेत्र में भी लगातार लापरवाही कर रहे हैं। तेज गति के कारण बस स्टॉप पर बस रुकवाने पर कई मीटर आगे बस रुकती है। डिपो के बाहर भी मनमाने ढंग से बसें खड़ी कर दी जाती हैं। लापरवाही पर अंकुश बेहद जरूरी है बस चालकों की निरंतर काउंसलिंग की जाती है। उन्हें सावधानीपूर्वक बस चलाने हेतु दिशा–निर्देश दिए जाते हैं। नियमों के पालन हेतु पुनः निर्देशित किया जाएगा और लापरवाही करने वाले चालकों की जवाबदेही तय की जाएगी

## कासगंज जिले में लगभग पाँच हजार ऑटो .व ई–रिक्शा परिवहन विभाग में पंजीकृत




कासगंज रू जिले में लगभग पाँच हजार ऑटो व ई–रिक्शा परिवहन विभाग में पंजीकृत हैं, लेकिन इन्हें संचालित करने के लिए न रूट प्लान बनाया गया है और न ही इनके लिए स्टैंड बनाए गए हैं। लिहाजा, मनमाने तरीके से ऑटो और ई–रिक्शा सड़कों पर फर्राटा भर रहे हैं।नगर पालिका परिषद और यातायात विभाग के पास इन ई–रिक्शा और ऑटो का ठीक से डेटा तक नहीं है और न ही इनकी निगरानी की जा रही है। चालक कहीं से भी कहीं तक सवारी बैठा रहे हैं, जिससे यात्री के साथ कोई अनहोनी होने की दशा में ऑटो और ई–रिक्शा चालकों का पता लगाना मुश्किल होगा। साथ ही, बेतरतीब चल रहे ई–रिक्शाओं से शहर में जाम की स्थिति बनी रहती है।शहर में डेढ़ हजार के करीब ई–रिक्शा और ऑटो संच. ालित हैं। ऑटो और ई–रिक्शा के लिए रूट निर्धारित नहीं हैं। यातायात विभाग स्टैंड बनाने के लिए नगर पालिका परिषद को जिम्मेदार ठहरा रहा है। यह सच भी है कि शहर में ई–रिक्शा संचालन के लिए नगर पालिका परिषद की भूमिका अहम रहती है, लेकिन इस ओर नगर पालिका परिषद के अधिकारी और चेयरमैन ध्यान नहीं दे रहे हैं। इससे अभी तक ऑटो और ई–रिक्शा के संचालन के लिए न तो रूट निर्धारित किया गया है और न ही स्टैंड का स्थान तय हुआ है।इसका नतीजा यह है कि प्रमुख मार्गों, चौराहों, सार्वजनिक स्थलों, रोडवेज बस अड्डे और रेलवे स्टेशन के आसपास दर्जनों की संख्या में ऑटो खड़े रहते हैं। नगर पालिका परिषद ने इनका रूट चार्ट भी नहीं बनाया है, लिहाजा यातायात विभाग इनके खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं कर पाता है। ऑटो और ई–रिक्शा के चालक अवैध तरीके से सड़कों पर जगह–जगह खड़े होकर सवारियां भरने लगते हैं, जिससे जाम की समस्या उत्पन्न होती है और लोग घंटों जाम में फंसे रहते हैं।रेलवे स्टेशन और बस स्टैंड पर ई–रिक्शा की भरमारशहर के रेलवे स्टेशन और रोडवेज बस स्टैंड के बाहर दर्जनों की संख्या में ऑटो और ई–रिक्शा खड़े रहते हैं, जो सवारियों की मजबूरी का फायदा उठाते हैं और मनमाना किराया वसूलते हैं। शुक्रवार की रात पैसेंजर ट्रेन करीब 11रू30 बजे फर्रुखाबाद से कासगंज पहुंची। रात का समय होने के कारण आसपास के गांव की सवारियों से ई–रिक्शा चालकों ने मनमाने तरीके से 300 से 400 रुपये तक वसूलने लगे।इस दौरान रेलवे स्टेशन पर कुछ यात्रियों ने कुछ घंटे बिताने चाहे, तो जीआरपी के सिपाहियों ने उन्हें खदेड़कर भगा दिया। इसी तरह, रोडवेज बस स्टैंड पर रात करीब 12रू30 बजे भी ई–रिक्शा चालकों की भीड़ लगी हुई थी। दिल्ली से बस आते ही रिक्शा चालक सवारियों की ओर बढ़ते नजर आए। आधी रात का समय होने के कारण वे मनमाना किराया वसूलने लगे। रात में सुरक्षा के नाम पर रोडवेज पुलिस चौकी का गेट भी बंद था, जिस पर एक गार्ड तक नहीं था।शहर में ई–रिक्शा और ऑटो के लिए रूट प्लान और स्टैंड निर्धारित करना नगर पालिका परिषद के अध्यक्ष और ईओ द्वारा किया जाना है। इसके लिए कई बार ईओ से बात भी की जा चुकी है। रूट प्लान और बस स्टैंड निर्धारित नहीं किए जाने से शहर में जाम की समस्या बनी रहती है– ऑटो और ई–रिक्शा के लिए रूट प्लान और स्टैंड निर्धारण के लिए काम किया जा रहा है। स्थलों को चिन्हित किया जा रहा है। जल्द ही रूट प्लान और स्टैंड का स्थान तय कर लिया जाएगा

## एटा जिले के रिजोर के मनसुखपुर गांव के पास . दो बाइकों की टक्कर में एक बुजुर्ग की मौत

एटा जिले के रिजोर के मनसुखपुर गांव के पास दो बाइकों की टक्कर में एक बुजुर्ग की मौत हो गई। हादसे में दो अन्य लोग घायल हो गए। मृतक की पहचान अली मुहम्मद (60) पुत्र रुस्तम, निवासी चपरई के रूप में हुई है। वह अपने गांव के बंटू नाम के युवक के साथ बाइक पर लकड़ी काटने जा रहे थे। इसी दौरान पीछे से आ रही तेज रफ्तार बाइक ने उन्हें टक्कर मार दी।दूसरी बाइक पर सवार नितिन पुत्र ईश्वर दयाल, निवासी कवार की स्थिति गंभीर होने के कारण उन्हें उच्च चिकित्सा केंद्र रेफर कर दिया गया है। घायल बंटू का एटा स्थित वीरांगना अवंती बाई मेडिकल कॉलेज में इलाज चल रहा है।बंटू ने बताया कि वे मनसुखपुर गांव के पास चेन लेने के लिए रुके थे, तभी दूसरी बाइक ने टक्कर मार दी। स्थानीय लोगों ने घायलों को अस्पताल पहुंचाया और पुलिस को सूचना दी। चिकित्सकों ने प्रा. थमिक उपचार के बाद अली मुहम्मद को मृत घोषित कर दिया। रिजोर थाना पुलिस ने मृतक के शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला मुख्यालय भेज दिया है। घटना की सूचना मिलते ही परिजन मौके पर पहुंच गए।


## कासगंज की शिवपुरी कॉलोनी में एक .किशोरी की मौत से सनसनी फैल गई

कासगंज की शिवपुरी कॉलोनी में एक किशोरी की मौत से सनसनी फैल गई। 15 वर्षीय लक्ष्मी का शव उसके घर में फांसी के फंदे पर लटका मिला।घटना के समय लक्ष्मी घर में अकेली थी। जब उसकी मां घर लौटीं तो उन्होंने कमरे में बेटी का शव फांसी के फंदे पर लटका देखा। परिवार ने तुरंत लक्ष्मी को फंदे से उतारा। उसे जिला अस्पताल ले जाया गया। डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। किशोरी की अचानक मौत से परिवार में शोक की लहर है।पुलिस मामले की जांच कर रही है। अधिकारी यह पता लगाने में जुटे हैं कि यह आत्महत्या का मामला है या फिर कोई अन्य कारण है। मृतक लक्ष्मी के पिता का नाम राम गोपाल है

## एटा में एक पिता ने अपनी 5 वर्षीय बेटी की निर्मम हत्या

एटा में एक पिता ने अपनी 5 वर्षीय बेटी की निर्मम हत्या कर दी। पत्नी द्वारा मोबाइल नंबर ब्लॉक करने से नाराज पिता ने यह जघन्य अपराध किया। कोतवाली देहात पुलिस ने आरोपी पिता जैकी उर्फ विक्रम सिंह को गिरफ्तार कर लिया है।घटना गुरुवार की है। आरोपी अपनी पत्नी प्रेमलता को ससुराल से लेने गया था। प्रेमलता के साथ न आने और उसके द्वारा फोन नंबर ब्लॉक करने से नाराज होकर विक्रम ने अपनी बेटी रागिनी का गला घोंट दिया। हत्या के बाद उसने खुद अपनी पत्नी और साले दीपचंद को फोन कर घटना की जानकारी दी।एटा के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्याम नारायण सिंह के निर्देश पर पुलिस ने त्वरित कार्रवाई की। मृतक बच्ची का पोस्टमॉर्टम कराया गया। पूछताछ में आरोपी ने अपना जुर्म कबूल कर लिया। रामपुर घनश्यामपुर निवासी आरोपी को न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया।

## सोरोंजी क्षेत्र के ग्राम चिलकुइंया के समीप अज्ञात वाहन ने एक साइकिल सवार बुजुर्ग को टक्कर मार दी




कासगंज सोरोंजी क्षेत्र के ग्राम चिलकुइंया के समीप अज्ञात वाहन ने एक साइकिल सवार बुजुर्ग को टक्कर मार दी। जिससे उसकी मौत हो गई। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। सोरोंजी विकासखंड के ग्राम पचलाना निवासी कालीचरन (60) शुक्रवार की देर शाम अपने ग्राम केडी से अपने गांव साइकिल से जा रहे थे। जब वह सोरोजीं थाना क्षेत्र के ग्राम चिलकुइंया के समीप पहुंचे तो उन्हें अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। हादसे में उनकी मौत हो गई। हादसे की जानकारी सुबह जब लोगों को हुई उन्होंने पुलिस को सूचना दी। पुलिस मौके पर पहुंच गई। उनके घर न पहुंचने पर परिजन भी उनकी तलाश कर रहे थे। पुलिस ने शनिवार की सुबह उनकी सड़क हादसे में मौत की सूचना दी। उनकी मौत से परिजनों में कोहराम मच गया। परिजनों का रो–रो कर बुरा हाल है। सोरोंजी थाना प्रभारी जगदीश चंद्र ने बताया मृतक के परिजनों की ओर से अभी कोई तहरीर प्राप्त नहीं हुई है। शव का पोस्टमार्टम कराया जा रहा है।

## जलेसर के विकासखंड अवागढ़ के मोहनपुर गांव के पास एक ट्रक खराब होने से भारी जाम की स्थिति बन गई

जलेसर के विकासखंड अवागढ़ के मो. हनपुर गांव के पास एक ट्रक खराब होने से भारी जाम की स्थिति बन गई। जाम रात 3 बजे से सुबह 10 बजे तक लगा रहा। इस दौरान आवागढ़ से वसुंधरा और चूरथरा तक वाहनों की लंबी कतार लग गई।सूचना मिलते ही अवागढ़ कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची। थाना अध्यक्ष ने फोर्स के साथ कड़ी मशक्कत कर यातायात को सुचारु किया। हालांकि, जाम खुलने के आधे घंटे बाद ही उसी स्थान पर एक और ट्रक फंस गया। पुलिस ने करीब एक घंटे की मेहनत के बाद दूसरे ट्रक को भी हटवाकर यातायात को सामान्य किया।स्थानीय लोगों का कहना है कि सीसी मार्ग बनने के कारण सड़क बहुत संकरी हो गई है। कई जगह गहरे गड्ढे होने से आए दिन जाम की स्थिति बनती है। इससे स्थानीय लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ता है।व्यापारी कुंवर पाल सिंह ने पीडब्ल्यूडी विभाग पर गंभीर आरोप लगाए हैं। उनका कहना है कि सड़क निर्माण में मानकों का पालन नहीं किया जा रहा है। न तो पानी का उचित छिड़काव हो रहा है और न ही सही जगह से निर्माण कार्य शुरू किया गया है। उन्होंने कहा कि इस लापरवाही से सीसी रोड जल्द ही टूट जाएगी और करोड़ों रुपये बर्बाद हो जाएंगे। धूल–मिट्टी के कारण लोगों का बैठना भी मुश्किल हो गया है।

## शहर के सोरों रोड स्थित भाजपा जिला कार्यालय पर नवनिर्वाचित जिलाध्यक्ष नीरज शर्मा ने पदाधिकारियों व मंडल अध्यक्षों के साथ बैठक की




कासगंजरू शहर के सोरों रोड स्थित भा. जपा जिला कार्यालय पर नवनिर्वाचित जिलाध्यक्ष नीरज शर्मा ने पदाधिकारियों व मंडल अध्यक्षों के साथ बैठक की। इस दौरान उन्होंने संगठन हित के लिए कार्य करने की अपील की। इसके बाद कार्यालय के प्रत्येक कक्ष का निरीक्षण कर साफ सफाई से लेकर सामान आदि को व्यवस्थित ढंग से रखने के निर्देश दिए।जिलाध्यक्ष नीरज शर्मा ने कहा कि वह सबके साथ मिलकर कार्य करेंगे। संगठन को मजबूती के साथ आगे ले जाने का प्रयास किया जाएगा। उन्होंने सभी कार्यकर्ताओं को एकजुट करके पार्टी को बूथ स्तर तक मजबूत बनाए जाने की बात कही। इसके बाद जिलाध्यक्ष ने कार्यालय का निरीक्षण किया, जहां कमी दिखाई दीं, उन्हें दुरुस्त करने के निर्देश दिए। बैठक को मंचासीन वरिष्ठ नेता नवल कुलश्रेष्ठ, जिला महामंत्री राजवीर सिंह भल्ला, महामंत्री संजय सोलंकी ने भी संबोधित किया।इस दौरान कौशल साहू, उत्तमचंद्र पाथरे, अनुरोध प्रताप सिंह, केपी सिंह, रानू वर्मा, रामनिवास राजपूत, राकेश अग्रवाल, संजीव चौहान, कृष्णकांत वशिष्ठ, डीएस लोधी, डा. खूब सिंह लोधी, जितेंद्र बघेल, विष्णुदेव पाठक, रविंद्र ब्रह्मचारी, कुलदीप प्रतिहार, मयंक अग्रवाल, आदित्य कांक. ोरिया, मनोज चौहान, सांत्वना पाराशर, नंदकिशोर दिवाकर, हिमांशु उपाध्याय, सुमित कुमार, समर सिंह गौर, जिला मीडिया प्रभारी केके सक्सेना मौजूद रहे।

# सीडीओ अलीगढ़ द्वारा सेंट्रल बैंक से शासकीय एंकाउंट हटाने के कमिश्नर ने दी नजीर, अन्य जिलों में बैंकर्स से सहयोग कराने के दिए निर्देश

## सीएम हैल्पलाइन एवं आईजीआरएस में अंतुष्ट फीडबैक के अधिक मामलों पर नाराजगी प्रकट कर डीएम–सीडीओ को मॉनिटरिंग करने के दिए निर्देश

अलीगढ़ आयुक्त, अलीगढ़ मण्डल, अलीगढ़ संगीता सिंह की अध्यक्षता में कमिश्नरी सभागार में विकास कार्यों की मण्डलीय समीक्षा की गई। बैठक में डीएम हाथरस, एटा, एमएनए, सीडीओ, अपर आयुक्त समेत मण्डल के अधिकारियों द्वारा प्रतिभाग किया गया। मंडलायुक्त ने कहा कि चालू वित्तीय वर्ष समाप्त होने में चंद दिन ही शेष बचे हैं। सभी अधिकारी आवंटित धनराशि का नियमानुसार व्यय सु. निश्चित करें। आयुक्त ने कहा कि बैठक का उद्देश्य अलीगढ़ मण्डल में किए जा रहे विकास कार्यों की प्रगति समीक्षा करना और निर्माण कार्यों को समयबद्ध व गुणवत्तापरक ढंग से पूर्ण कराना है आयुक्त संगीता सिंह ने कहा कि भौतिक प्रगति के सापेक्ष वित्तीय प्रगति भी सुनिश्चित कर ली जाए। वित्तीय वर्ष समाप्ति के ठीक बाद पुनः समीक्षा की जाएगी। उन्होंने कहा कि विकास एवं निर्माण कार्य होने के उपरांत भुगतान न होने पर या उसे लंबित रखने पर सम्बंधित की जवाबदेही निर्धारित की जाएगी। जल जीवन मिशन के तहत कराए जा रहे कार्यों की शिथिल प्रगति एवं पाइपलाइन डाले जाने के लिए खोदी गई सड़कों का पुनरूत्थान न करने पर आयुक्त द्वारा कड़ी प्रतिक्रिया व्यक्त की गई। फैमली आई डी बनाए जाने में कासगंज ई श्रेणी में आने पर और अधिक प्रयास करने के निर्देश दिए गए। मध्यान्ह भोजन एवं विद्यार्थी की उपस्थिति में सभी जिले डी श्रेणी में पाए गए। नई सड़कों के निर्माण में एसई लो. निवि ने बताया कि एटा में कार्य पूर्ण है अन्य जिलों में जल्द कार्य पूर्ण हो जाएगा।मुख्य मंत्री युवा स्वरोजगार योजना में कासगंज डी श्रेणी में वहीं अन्य 3 जिले ए प्लस में पाए गए। बैठक में बताया गया कि बैंक सहयोग नहीं कर रहे। कमिश्नर ने सीडीओ द्वारा सेंट्रल बैंक के विरुद्ध की गई कार्यवाई की सराहना करते हुए अन्य सीडीओ को कार्यवाही करने के निर्देश दिए और कहा कि बैंकर्स से विभागीय योजनाओं के सफल संचालन में सहयोग कराएं।



कमिश्नर ने आईजीआरएस एवं सीएम हैल्पलाइन 1076 की समीक्षा करते हुए कहा कि अधिकारियों द्वारा प्राप्त प्रकरणों में समय से जांचकर, गुणवत्तापरक जांच आख्या अपलोड नहीं की जा रही है। उन्हा. ने सभी डीएम–सीडीओ को निर्देशित किया कि प्राप्त संदर्भो का स्वयं संज्ञान लेकर शासन की मंशा के अनुरूप एक ही बार में गुणवत्तापरक निस्तारण कर जांच आख्या अपलोड कराना सुनिश्चित करें। सीएम हैल्पलाइन 1076 पर श्रम विभाग के 33 के सापेक्ष 26 असंतुष्ट फीडबैक, परिवहन विभाग के 27 के सापेक्ष 23, संयुक्त शिक्षा निदेशक माध्यमिक शिक्षा के 19 के सापेक्ष 13, लोनिवि अलीगढ़ के 14 के सापेक्ष 09 और अपर निदेश चिकित्सा व स्वास्थ्य के सभी 10 प्रकरण एवं मण्डल में 177 के सापेक्ष 131 प्रकरण अंतुष्ट फीडबैक की श्रेणी में पाए गए। इसी प्रकार आ. ईजीआरएस पोर्टल पर जल निगम ग्रामीण के 19 के सापेक्ष 07, अधीक्षण अभियंता यांत्रिक सिंचाई के 17 के सापेक्ष 11, उपायुक्त खाद्य के 14 के सापेक्ष 06 महिला कल्याण के 14 के सापेक्ष 09, पशुपालन के 12 के सापेक्ष 07, लोनिवि के 12 के सापेक्ष 08 समेत मण्डल में 141 के सापेक्षस 85 प्रकरण अंसतुष्ट फीडबैक की श्रेणी में पाए गए। मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना से सबंधित समाचारपत्रों में प्रका. शित खबर का संज्ञान लेते हुए डीडी समाज कल्याण आनंद कुमार को निर्देशित किया कि संबंधित को नोटिस देते हुए स्पष्टीकरण प्राप्त कर वस्तुस्थिति से अवगत कराएं। राष्ट्रीय वरदावस्था पेंशन योजना में अलीगढ़ ई श्रेणी में आने पर मण्डल की रैंक खराब होने पर डी डी समाज कल्याण के विरुद्ध नाराजगी प्रकट करते हुए सुधार लाने के निर्देश दिए। निर्माण कार्य सीएमआईएस में कार्य अपलोड करने के निर्देश दिए ताकि रैंक में सुधार आए। गर्मी के दृष्टिगत मण्डल के सभी गौआश्रय स्थलों में समय से पानी, शेड, हरा चारा एवं भूसा की समुचित व्यवस्थाएं पूर्ण कर ली जाएं, किसी भी गा. वंश को गर्मी में कोई समस्या नहीं होनी चाहिए। कौशल विकास मिशन के तहत संचालित विभिन्न योजनाओं में प्रशिक्षण के साथ ही विद्यार्थियों के प्लेसमेंट पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए।एटा के डीएम–सीडीओ हुए सम्मानितरूमण्डलायुक्त संगीता सिंह द्वारा एटा के जिलाधिकारी प्रेम रंजन सिंह एवं मुख्य विकास अधिकारी डा0 नागेन्द्र नारायण मिश्र को मंडलीय समीक्षा बैठक में महात्मा गॉधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारण्टी योजनान्तर्गत सी0एम0 डैशबोर्ड संकेतांक पर माह जनवरी एवं फरवरी 2025 में प्रदेश में प्रथम स्थान मिलने पर प्रतीक चिन्ह एवं प्रशस्ती पत्र देकर सम्मानित किया गया।

# नोडल अधिकारी सीईओ ग्रेटर नोएडा एवं आयुक्त राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र रवि कुमार एन0जी0 ने अधिकारियों के साथ की बैठक

अलीगढ़ प्रदेश सरकार की सेवा, सुरक्षा एवं सुशासन की नीति के 8 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर सरकार द्वारा अर्जित की गई महत्वपूर्ण उपलब्धियां व प्रमुख योजनाओं की जानकारी जनमानस को उपलब्ध कराए जाने के लिए 25, 26, 27 मार्च को तीन दिवसीय कार्यक्रम का आयोजन कल्याण सिंह हैबिटेट सेंटर में किया जा रहा है।श्यूपी भारत का ग्रोथ इंजनश्श थीम पर आधारित तीन दिवसीय कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए शासन स्तर से नामित नोडल अधिकारी सीईओ ग्रेटर नोएडा एवं आयुक्त राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र रवि कुमार एन0जी0 ने अलीगढ़ पहुंचकर जिला स्तर पर की जा रही तैयारियों का जायजा लिया। उन्होंने लो. निवि अतिथि गृह में डीएम, सीडीओ, पीडी, सीएमओ, एसपी क्राइम एवं अन्य संबंधित विभागीय अधिकारियों के साथ बिंदुवार समीक्षा करते हुए आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने सभी अधिकारियों को टीम भावना के साथ कार्य करते हुए केंद्र व प्रदेश सरकार द्वारा किए जा रहे विकास कार्यों, लाभार्थीपरक योजनाओं, जन कल्याणकारी नीतियों एवं उपलब्धियां को जन–जन तक पहुंचाने के भी निर्देश दिए हैं। इस अवसर पर डीएम संजीव रंजन, सीडीओ प्रखर कुमार सिंह, नगर आयुक्त विनोद कुमार, सीएमओ डा0 नीरज त्यागी, डीडीओ आलोक आर्य, डीसी एनआरएलएम, पीडी भाल चन्द त्रिपाठी, एसपी क्राइम ममता कुरील, डीडी कृषि यशराज सिंह, चीफ इंजीनियर सुरेश चन्द्र, बीएसए राकेश कुमार, डीपीओ कृष्णकांत राय एवं अजित कुमार, पर्यटन अधिकारी डी0के0 शर्मा, पीओ डूडा कौशल कुमार, श्रम प्रवर्तन अधिकारी शेर सिंह, डीएओ धीरेन्द्र कुमार चौधरी समेत एडी सूचना एवं अन्य अधिक. ारीगण उपस्थित रहे।

# 24 मार्च से 02 अप्रैल तक विकासखण्डों में लगेंगे पंजीकरण शिविर, युवाओं को मिलेगा रोजगार

अलीगढ़ सहायक निदेशक सेवायोजन डा0 पीपीसी शर्मा ने प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से अवगत कराया है कि भारतीय सुरक्षा दक्षता परिषद नई दिल्ली एवं एसआईएस सिक्यो. रिटी कंपनी के संयुक्त तत्वाधान में सुरक्षा कार्यों के लिए अभ्यर्थियों को पंजीकृत कर प्रशिक्षणोपरांत रोजगार दिए जाने के लिए 24 मार्च से 02 अप्रैल तक विकास खण्ड स्तर पर शिविर आयोजित किए जाएंगे।उन्होंने बताया कि 24 मार्च को विकासखण्ड कार्यालय लोधा, 25 मार्च को टप्पल, 26 मार्च को चण्डौस, 27 मार्च को अतरौली, 29 मार्च को गोंडा एवं 02 अप्रैल को धनीपुर विकासखण्ड कार्यालय पर पंजीकरण शिविर का आयोजन किया जाएगा। उन्होंने बताया कि किसी भी रा. जगार शिविर एवं पंजीकरण के संबंध में किसी भी जानकारी के लिए एसआईएस सिक्योरिटी कंपनी के अजीत सिंह भारती (7668126416) एवं कमाण्डेंट राहुत दीक्षित (7838282197) से दूरभाष पर वार्ता की जा सकती है।

# जिला सैनिक बन्धु की बैठक का हुआ आयोजन

अलीगढ़ अपर जिलाधिकारी नगर अमित कुमार भट्ट की अध्यक्षता में कलैक्ट्रेट सभागार में जिला सैनिक बन्धु बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में लगभग 50 पूर्व सैनिकों एवं उनके आश्रितों ने प्रतिभाग किया। जिनमें 16 सैनिकों एवं उनके आश्रितों ने अपनी समस्याओं सम्बन्धी प्रार्थना पत्र प्रस्तुत हुए।अपर जिलाधिकारी नगर ने उनकी समस्याओं को त्वरित निस्तारण का आश्वासन देते हुए सम्बन्धित अधिकारियों को भेजे। जिला सैनिक कल्याण एवं पुनर्वास अधिकारी विंग कमाण्डर जितेन्द्र कुमार चौहान(सेवा निवृत्त) ने राज्य एवं केन्द्र सरकार से संचालित योजनाओं से बैठक में उपस्थित पूर्व सैनिकों एवं उनके आश्रितों को अवगत कराया। उन्होंने कहा कि पूर्व सैनिक एवं उनके आश्रित किसी भी समस्या के समाधान के लिए कभी भी किसी भी वक्त उनसे सम्पर्क कर सकते हैं।बैठक में स्वास्थ्य विभाग से डिप्टी सीएमओ डा0 खान चन्द, कोषागार अलीगढ से अनूप गुप्ता एकाउण्टेट एवं एनसीसी से नायव सूवेदार हर सिंह उपस्थित रहे।

# आज बिरज में होली है रे रसिया. पर जमकर नाचे फौजी रस से भरी रसीली मीठी,ऐसी बोलो बोली है,किसी के दिल को ठेस न पहुंचे ,ऐसी खेली होली है

अलीगढ़, अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद, हरिगढ़ का होली मिलन समारोह का आयोजन मां अशर्फी लॉज, गोंडा रोड़, अलीगढ़ पर किया। समारोह की अध्यक्षता सूबेदार मेजर राजेन्द्र सिंह ने की एवं संच. ालन हवलदार राम कुमार तिवारी जिला महासचिव ने किया। समारोह में जिलाध्यक्ष सूबेदार मेजर खजान शर्मा, ब्रज प्रांत उपाध्यक्ष सार्जेंट मदन सिंह,संगठन के संरक्षक राजेश गौड़ आदि ने होली के उत्सव पर प्रकाश डाला तथा होली के गीत गाए जिसमें ष्आज बिरज में होली है रे रसिया.... पर जमकर डांस हुआ संरक्षक राजेश गौड़ ने बताया कि हमें होली कैसे माननी चाहिए रस से भारी रसीली मीठी ऐसी बोल बोली है किसी के दिल को ठेस न पहुंचे ऐसी खेली होली है इसी के साथ होली के गीत रसिया भी गाया सभी ने एक दूसरे को गले मिलकर होली की शुभक. ामनाएं बधाई दी सकार्यक्रम में उक्त के अलावा सीपीओ सी०पी० सिंह, सूबे०मे० जोगेन्द्र चौहान, सूबेवमेवमनोज शर्मा,सूब. े०मे० सुरेन्द्र चौहान, सूबे० बालू राम, सूब. ेदार जोगेन्द्र पाल सिंह, हवलदार हम्बीर सिंह, हवलदार हर स्वरूप, हवलदार धर्मेन्द्र कुमार, हवलदार शेखर उपाध्याय एवं बड़ी संख्या में पूर्व सैनिकों ने भाग लिया। सभी ने एक दूसरे को रंग लगाया। होली के रसिया गाये एवं सभी ने आनंद विभोर होकर नृत्य किया जिससे होली मिलन समारोह में चार चांद लग गये। सभापति ने कार्यक्रम समापन की घोषणा की तथा जिला अध्यक्ष सूबेदार मेजर खजान शर्मा ने सभी का आभार व्यक्त किया स

# प्रदेश सरकार 8 वर्ष का सफल कार्यकल पूर्ण होने पर तीन दिवसीय कार्यक्रम 25 मार्च से 24 मार्च को सभी विद्यालयों में होगी वाद–विवाद प्रतियोगिता

अलीगढ़ (मुख्य विकास अधिकारी प्रखर कुमार सिंह ने प्रदेश सरकार के 08 वर्ष व केन्द्र सरकार के 10 वर्ष का कार्यकाल पूर्ण होने के अवसर पर 25 से 27 मार्च तक आयोजित होने वाले तीन दिवसीय कार्यक्रम के अन्तर्गत 24 मार्च को जिले के सभी विद्यालयों में वाद–विवाद प्रतियोगिता कराने के निर्देश दिए हैं।कार्यक्रम के नोडल अधिकारी पीडी डीआरडीए भाल चन्द त्रिपाठी ने उक्त जानकारी देते हुए बताया कि बेसिक शिक्षा अधिकारी जिले के सभी ग्रामीण एवं नगरीय विद्यालयों में बेटी बच. ाओ–बेटी पढ़ाओ के तहत श्श्उ0प्र0 भारत का ग्रोथ इंजनश्श की थीम पर वाद–विवाद प्रतियोगिताएं कराना सुनिश्चित करेंगे। उन्होंने यह भी बताया कि प्रतियोगिता में विजेता प्रतिभागियों की एक फाईनल प्रतियोगिता 27 मार्च को कल्याण सिंह हैबीटेट सेंटर में प्रातः 10 बजे से आयोजित की जाएगी, जिसमें प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान पर रहने वाले प्रतिभागितयों को क्रमशः 11 हजार, 05 हजार एवं 2500 रूपये की नगद धनराशि से पुरस्कृत किया जाएगा।

# विश्व जल दिवस पर निकाली गई रैली और राइट टू लेजिसलेटिव कैंपेन का हुआ शुभारंभ

अलीगढ़। विश्व जल दिवस के उपलक्ष्य में ज्ञान महाविद्यालय की एनएसएस इकाई,उड़ान सोसाइटी व सेंटर फॉर वॉटर पीस के संयुक्त तत्वाधान में कार्यक्रम का आयोजन पड़ियावली स्थित डॉ.अंबेडकर सामुदायिक भवन पर किया गया।इस कार्यक्रम का शुभारंभ प्राचार्या डॉ.सोनाली गुप्ता व मुख्य अतिथि डॉ.ज्ञानेंद्र मिश्रा ने स्वामी विवेकानंद जी के चित्र के सम्मुख दीप प्रज्वलित करके किया।इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में पधारे राजा महेंद्र प्रताप सिंह विश्वविद्यालय की एनएसएस सलाहकार समिति के नामित सदस्य व उड़ान सोसाइटी के अध्यक्ष डॉ. ज्ञानेंद्र मिश्रा ने बच्चों को जल की महत्वता के विषय में बताया।उन्होंने बताया कि विश्व जल दिवस की इस वर्ष की थीम श्ग्ले. शियर संरक्षणश पर रखी गई है।इसका कारण है कि ग्लेशियर जल के प्रमुख स्रोत हैं और हमारे पास पीने के पानी के लिए ग्लेशियर और वर्षा जल के अलावा कोई अन्य स्रोत नहीं है,इसलिए ग्लेशियरों को सुरक्षित किया जाना अति आवश्यक है। इतना ही नहीं पृथ्वी के बढ़ते तापमान के कारण ग्लेशियर लगातार पिघल रहे हैं जिसके कारण भविष्य में बाढ़ और सूखे की स्थिति उत्पन्न हो सकती है जबकि अगर आज ग्लेशियर के बचाव पर ध्यान नहीं दिया गया तो आने वाली पीढ़ी के लिए बहुत ही भयावह स्थिति होगी।इसके उपरांत सेंटर फॉर वॉटर पीस द्वारा पूरे देश में प्रारंभ किए गए श्राइट टू ले. जिसलेटिवश अभियान का पोस्टर भी जारी किया गया। इसके विषय में शिविर के संयोजक धर्मेन्द्र प्रताप सिंह ने बताया कि एनएनएस के छात्र अपने–अपने क्षेत्र में लोगों से जल की समस्या और उनके समाधान से संबंधित फॉर्म भरवाएंगे,जिसे पांच जून को अपनी अपनी विधानसभा में जनप्रतिनिधियों को सौंपा जाएगा। इसके




उपरांत छात्र छात्राओं ने गांव में विश्व जल दिवस के उपलक्ष्य में एक रैली का आयोजन भी किया जिसमें उन्होंने जल है तो कल है, जल बचाओ पृथ्वी बचाओ आदि नारे लगाकर लोगों को जल के विषय में जागरूक किया।कार्यक्रम का संचालन स्वयंसेविका निधि सोलंकी ने किया।इस अवसर पर ज्ञान महाविद्यालय के अधिशासी अधिकारी ललित उपाध्याय,डॉ. बीना अग्रवाल,डॉ.किरण लता आदि अध्यापकगण व प्रियांशी,मुस्कान,दीक्षा, दीपिका,अंजलि भूपेंद्र,मोहित,इफरा, चंचल,राजेशऔर किशनपाल आदि छात्र उपस्थित रहे।

# नववर्ष मेले में दिखेगी महाकुम्भ एवं सनातन की झलक

नववर्ष अभिनन्दन समिति हरिगढ़ की ओर से आयोजित नव संवत्सर मेले में इस बार महाकुंभ की भव्य झांकी दिखेगी तो सनातन का जयघोष होगा। मेले में भारतीय संस्कृति की झलक देखने को मिलेगी। इस माध्यम से पूरे जिले में भारतीय नव संवत्सर के अभिनंदन का संदेश दिया जायेगा। जिससे नई पीढ़ी अपनी संस्कृति से जुड़ सके। इसलिए इस बार का मेला बहुत ही अदभुत और अविस्मरणीय होने वाला है। चौत्र माह के शुक्ल पक्ष की प्रतिपदा संवत 2082 की पूर्व संध्या पर एक दिवसीय 'नवसम्वतसर मेला' का आयोजन 29 मार्च को डी ए वी इंटर कॉलेज नौरंगाबाद में आयोजित किया जाएगा। मेले में स्कूली बच्चों की सहभागिता के लिए व्यापक प्रतियोगिताएं आयोजित की गई हैं। इसमें वह रंगोली, मेंहदी, सामूहिक नृत्य,पाक कला,बाल रुप सज्जा, केश सज्जा,थाल सज्जा आदि प्रतियोगिताएं आयोजित की गई है। इसमें बच्चे सहभागिता कर सकते




हैं। उन्हें पुरस्कृत भी किया जाएगा। मेले में विभिन्न स्वनिर्मित वस्तुओं सहित विभिन्न निजी स्टाल्स लगेंगे, मनोरंजन के लिए विभिन्न प्रकार के झूले एवं खानपान के स्टाल भी लगाए जाएंगे। कार्यक्रम में रात्रि में भव्य सांस्कृतिक संध्या का आयोजन भी होगा। जिससे सभी भारतीय संस्कृति से जुड़ सकेंगे। मेले में आने वाले जनसामान्य के लिए लकी ड्रा भी रखा गया जिसमें विभिन्न पुरस्कार रखे गए हैं। समस्त कार्यक्रम भारतीय संस्कृति को समर्पित एवं ओत प्रोत होगें। मेले में सभी स्वदेशी वस्. तुओं की बिक्री होगी। मेले में आने वालों का चंदन लगाकर स्वागत किया जाएगा।सर्वव्यवस्था प्रमुख अलोक याग्निक, मेला संयोजक सुमित गोटेवाल, सह व्यवस्था प्रमुख मुकेश माहेश्वरी बिंदी,सुधीर शर्मा, सह संयोजक डॉ अंशु सक्सेना,हिर्देश शर्मा, मीडिया प्रभारी राज सक्सेना, प्रचार प्रमुख राम अवतार शर्मा मौजूद रहें